हिंदी पखवाड़ा: 2023

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान परिसर में हिन्दी पखवाड़ा दिनांक 04 से 22 सितम्बर 2023 के मध्य बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ 4 सितम्बर को किया गया उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि एवं व्याख्याता के रूप में डॉ. हरिओम गोस्वामी, **निदेशक** राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, भोपाल को आमंत्रित किया गया था। संस्थान के राजभाषा विभाग के इस आयोजन में हिन्दी भाषा के ज्ञान के संवर्धन व व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु कर्मचारियों की पृथक–पृथक प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जैसे 'प्रशस्ति पत्र डिजाइन, पोस्टर डिजाइन, निबंध लेखन, स्वरचित कविता पाठ, गजल एवं भजन, हिंदाक्षरी सुलेख लेखन, चित्रांकन एवं सुलेख जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में संस्थान लगभग 150 संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें से 41 प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। हिंदी पखवाड़े के समापन **निदेशक** महोदय प्रो. डॉ. कैलासा राव एम. एवं संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) प्रो. अजय खरे द्वारा किया गया। उक्त आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को **निदेशक** महोदय एवं संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।